अखबार वो जो दिखाता है सच — हिन्दी दैनिक तेजयुग न्यूज़ खेल
www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

# डब्ल्यूपीएल-2: ओपनर्स के बलबूते गुजरात ने चखा जीत का स्वाद

तेजयुग न्यूज़

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल-2 में बुधवार को गुजरात जायंट्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की। टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 19 रन से हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 20 ओवर में 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी।

गुजरात की ओपनर लौरा वोल्वार्ट और बेथ मूनी ने अर्धशतक लगाए। वोलवार्ट ने 76 रन और मूनी ने नाबाद रहते 85 रन बनाए। साथ ही दोनों के बीच शतकीय साझेदारी भी हुई। गुजरात जायंट्स के सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट और बेथ मूनी ने 13 ओवर में 140 रन जोड़कर एक विशाल स्कोर की नींव रखी।

वोल्वार्ट के रूप में 13वें ओवर में विकेट गिरा, वे 76 रन बना कर



पंच.ईवी इलेक्ट्रिक स्ट्राइकरेट ऑफ दि मैच बनीं जॉर्जिया वेयरहम



सिंटेक्स सिक्स ऑफ दि मैच बनीं जॉर्जिया वेयरहम

रनआउट हुईं। उन्होंने पारी में 13 चौके लगाए। रन आउट होने के बाद, मूनी ने फीब लिचफील्ड के साथ मिलकर केवल 5.3 ओवर में 52 रन जोड़े।लिचफील्ड 18 रन बनाकर आउट हुईं। आखिर में गुजरात की कप्तान मूनी नॉन-स्ट्राइकर छोर पर फंस गई और आखिरी 10 गेंदों में टीम ने सात रन ही जोड़े।

एश्ले गार्डनर 0 रन, दयालन हेमलता 1 रन और वेदा कृष्णमूर्ती 1 रन बना कर आउट हुए। मूनी 85 रन और कैथरीन ब्रायस 1 रन बना कर नाबाद रही। मूनी ने पारी में ओर से 12 चौके और मिडविकेट पर एक सिक्स लगाया। आरसीबी की बॉलिंग पूरी तरह फेल रही। सोफी मोलेनिक्स और जॉर्जिया वेयरहम को 1-1 विकेट मिला। आरसीबीके टॉप ऑर्डर ने टीम को ठीक शुरुआत नहीं दी। टीम की कप्तान स्मृति मंधाना 16 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुईं। उनकी जोड़ीदार एस मेघना 4 रन बना कर आउट हुईं। उन्होंने 13 बॉल खेलीं। एलिस पेरी और सोफी डिवाइन ने केवल 3.5 ओवरों में 32 रन जोड़ दिए, और कमबैक की उम्मीद बढ़ाई, लेकिन फिर डिवाइन 23 रन बना कर बोल्ड हो गई। एलिस पेरी 23 बॉल में 24 रन बना कर आउट हुईं।

आखिर में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। ऋचा घोष 21 बॉल में 30 रन बना सकी। वहीं, जॉर्जिया वेयरहम ने शानदार पारी खेलते हुए 22 बॉल में 48 रन बना कर आरसीबीको जीत की उम्मीद दे दी। आखिर में वे 19वें ओवर में रन आउट हो गई। एकता बिष्ट 12 रन और सोफी मोलेनिक्स 3 रन बना कर आउट हुईं। वहीं, सिमरन बहादुर 1 रन बना कर




नाबाद रही। टीम की गेंदबाज एश्ला गार्डनर को 2 विकेट मिले। उन्होंने स्मृति मधधाना और ऋचा घोष को चलता किया। वहीं, कैथरीन ब्रायस और तनुजा कंवर को 1-1 विकेट मिला।

## WOMEN'S PREMIER LEAGUE स्टेटस

### ऑरेंज कैप

| प्लेयर | रन | स्ट्राइकरेट | औसत | 4s/6s |
|---|---|---|---|---|
| 1. स्मृमि मंदाना | 219 | 154.23 | 43.80 | 30/08 |
| 2.मंग लेनिंग | 201 | 122.56 | 40.20 | 23/04 |
| 3.सब्भिनेनि मेघना | 168 | 112.75 | 33.60 | 20/03 |

### पर्पल कैप

| प्लेयर | विकेट | ओवर | औसत | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| 1. जेस जॉनसन | 09 | 12 | 7.11 | 3-21 |
| 2. राधा यादव | 08 | 15 | 12.50 | 4-20 |
| 2.मारिजान कैप | 08 | 16 | 13.62 | 3-5 |

### बेस्ट स्कोर

| प्लेयर | रन | गेंद | स्ट्राइकरेट | 4s/6s |
|---|---|---|---|---|
| 1. बेथ मूनी | 85 | 51 | 166.67 | 12/1 |
| 2. स्मृति मंदाना | 80 | 50 | 160.00 | 10/3 |
| 3. ऐलिस कैप्सी | 75 | 53 | 141.51 | 9/3 |

### बेस्ट बॉलिंग

| प्लेयर | विपक्ष | स्पेल |
|---|---|---|
| 1. आशा शोभना | यूपी वारियर्ज | 4-22-5 |
| 2 अमेलिया केर | गुजरात जायंट्स | 4-17-4 |
| 3 राधा यादव | यूपी वारियर्ज | 4-20-4 |

### सर्वाधिक छक्के

| प्लेयर | टीम | छक्के |
|---|---|---|
| 1. शैफाली वर्मा | दिल्ली कैपिटल्स | 11 |
| 2. स्मृति मंदाना | आरसीबी | 10 |
| 3. किरण नवगिरि | यूपी वरियर्ज | 06 |

## WOMEN'S PREMIER LEAGUE अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेटरनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| DC | 05 | 04 | 01 | 08 | +1.301 |
| RCB | 06 | 03 | 03 | 06 | -0.038 |
| MI | 05 | 03 | 02 | 06 | +0.018 |
| UPW | 05 | 02 | 03 | 04 | +0.073 |
| GG | 05 | 01 | 04 | 02 | -1.278 |

GG v/s RCB मैच तक के रिकार्डस


# 17वें आईपीएल के बाद कार्तिक ले सकते हैं संन्यास

तेजयुग न्यूज़

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल 2024 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास ले सकते हैं। कार्तिक आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से अपना आखिरी सीजन खेलेंगे। उन्हें आरसीबी ने साल 2022 की मिनी ऑक्शन में अपने साथ 5.5 करोड़ रुपये में जोड़ा था।

ईएसपीएन के मुताबिक, भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जून में 39 साल के हो जाएंगे। वह आखिरी आईपीएल सीजन के लिए तैयार हैं। इसके बाद वह आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। कार्तिक ने भारत के लिए अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच साल 2022 जुलाई में टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। कार्तिक उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने आईपीएल के अब तक हुए सभी सीजन (16) के हिस्सा रहे हैं। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से ही वह, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शिखर धवन, महेंद्र सिंह धोनी, रिद्धिमान साहा और मनीष पांडे के साथ ही इसमें खेल रहे हैं।

कार्तिक आईपीएल के अब तक हुए 16 सीजन में केवल दो मैचों को ही मिस किए हैं। उन्होंने अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। वहीं दूसरा मैच पिछले साल यानी 2023 में



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच से बाहर बैठे थे। कार्तिक का आईपीएल 2022 में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने साल 2022 में 16 मैचों में 183.33 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए बनाए थे। हालांकि, उनका पिछला साल ज्यादा अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने आरसीबी की ओर से खेलते हुए 11 की औसत से 140 रन बनाए थे।

कार्तिक आईपीएल के 6 टीमों के हिस्सा रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में करियर की शुरुआत दिल्ली डेयरविल्स के साथ किया। वह किंग्स इलेवन पंजाब, मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुके हैं। इस दौरान खेले 240 मैचों में 26 की औसत से 4516 रन बनाए हैं। जिसमें 20 अर्धशतक बनाए हैं। वहीं विकेट के पीछे रहते हुए 133 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई है। जिसमें 36 स्टंपिंग भी शामिल है।

# बांग्लादेश ने दूसरा टी-20 8 विकेट से जीता, श्रीलंका गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में फेल

तेजयुग न्यूज़

**सिलहट।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने नेतृत्व करते हुए नाबाद अर्धशतक जमाया जिससे बांग्लादेश ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट से जीत के साथ तीन मैचों की टी20 मैच की सीरीज1-1 से बराबर कर ली। सीरीज का आखिरी मुकाबला 9 मार्च को होगा।

बुधवार को सिलहट के मैदान पर मेजबान बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। श्रीलंकाई टीम काफी दबाब में नजर आयी, मैच का पहला ओवरी ही अविष्का फर्नान्डो ने मेडिन खेल डाला और 7 गेंदों में बिना खता खेले पवेलियन लौट गये।




टी20आई में अविष्का का स्ट्राइकरेट मात्र 92.92 का है। टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 165 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 18.1 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। टीम के लिए कप्तान शांतो ने नाबाद 53 रन की पारी खेली और चौके के रूप में विनिंग शॉट भी लगाया। श्रीलंका के चार बल्लेबाजो ने थोड़े-थोड़े रन बनाए। ओपनिंग करने आअविष्का फर्नांडो 0 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने 36 रन और किमांडु मेंडिस ने 37 रन की पारी खेली। सदीरा समरविक्रमा 7 रन बना कर आउट हो गए। आखिर में कप्तान चरिथ असलंका ने 28 रन बनाए। एंजेलो मैथ्यूज 32 रन और दासुन शानाका 20 रन बना कर नाबाद रहे। बॉलिंग में टीम ने एफर्ट दिखाया। तस्कीन अहमद, मेहदी हसन, मुस्ताफिजुर रहमान और सौम्य सरकार को 1-1 विकेट मिला।

बांग्लादेश की शुरुआत शानदार रही। लिटन दास और सौम्य सरका ने ओपनिंग की। दोनों ने मिलकर पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 63 रन बनाए। 7वें ओवर में सरकार 26 रन बना कर मथीशा पथिराना की बॉल पर मैथ्यूज को कैच थमा बैठे। 9वें ओवर में दास भी 36 रन बना कर चलते बने। आखिर में नजमुल हुसैन शांतो और तौहीद हृदॉय टिके रहे और साथ नाबाद 87 रन की साझेदारी करते हुए मैच जिता दिया। शांतो ने 53 रन और हृदॉय ने 32 रन की नाबाद पारी खेली। श्रीलंका क्रिकेट टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। इस दौरे में टीम कुल तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

# खेलो इंडिया गेम्स के मेडल विनर्स को मिलेगी सरकारी नौकरी

तेजयुग न्यूज़

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि सभी खेलो इंडिया कॉम्पिटिशन्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेल को बढ़ावा देने और करियर ऑप्शन के रूप में देखे जाने के लिए लिया गया है। ठाकुर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, यह कदम अब खेलो इंडिया गेम्स - यूथ, यूनिवर्सिटी, पैरा और विंटर गेम्स - के मेडल विनर्स को सरकारी नौकरियों के लिए एलिजिबल करेगा। इसके साथ ही, अलग-अलग खेलों में सुनिश्चित करने के लिए खेलों




और इवेंट्स को स्पष्ट रूप से बताया गया है। ठाकुर बोले, ये नीती भारत को एक स्पोर्ट सुपरपावर बनाने में हमारे एथलीटों के समर्थन में एक जरूरी कदम है।खेलो इंडिया गेम्स खेलों को बढ़ावा देने और भारत की युवा खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है। साल 2018 में इसकी शुरुआत हुई थी।

# कुलदीप के पंजे में फंसा बैजबाल, अंग्रेज 218 पर सिमटे

**धर्मशाला।** इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। फिलहाल, पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है और भारत ने बिना नुकसान के 47 रन बना लिए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी क्रीज पर है। इससे पहले, इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। ओपनर जैक क्रॉले ने 79 रन बनाए। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए, जबकि कुलदीप को 4 सफलताएं मिलीं। रवींद्र जडेजा के हिस्से एक विकेट आया। भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर के एक ओवर में 3 छक्के जड़े। उन्होंने 9वें ओवर की तीसरी, पांचवी और छठी बॉल पर छक्का जमाया।

भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रॉले (79) ने अर्धशतक लगाया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए। वहीं, 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने 4 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। इंग्लैंड ने पहले दिन के दूसरे सेशन तक 8 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। दूसरे सेशन में इंग्लैंड के छह विकेट गिरे। इससे पहले इंग्लैंड को 175 के स्कोर पर छठा झटका लगा। इसी स्कोर पर इंग्लिश टीम ने तीन विकेट गंवाए। इंग्लिश कैप्टन बेन स्टोक्स खाता खोले बिना ही पेवलियन लौट गए। उन्होंने 6 गेंदों का सामना किया। इंग्लैंड का पांचवा विकेट रूट के रूप में गिरा उन्हें जडेजा ने आउट किया। रूट 56 गेंदों का सामना कर 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुलदीप यादव ने विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। इंग्लैंड को तीसरा झटका जैक क्रॉले के रूप में लगा। वह 79 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड किया। इंग्लैंड ने पहले दिन के पहले सेशन में 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना लिए। इस सेशन में बेन डकेट 27 और



भारत ने इस सीरीज में कराए पांच डेब्यू




जॉनी बेरस्टो ने खेला अपना 100वां टेस्ट मैच (अपने परिवार के साथ बेरस्टो)




ओली पोप 11 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉले और बेन डकेट ने पहली पारी शुरू की। दोनों ने शुरुआती 10 ओवर में बगैर नुकसान के 35 रन जोड़ लिए। आगे भी दोनों ने संभलकर बैटिंग की और 15वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। बेन डकेट ने रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ चौका लगाकर टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। धर्मशाला में भारत के लिए बैटर देवदत्त पड्डिकल ने डेब्यू किया। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने डेब्यू कैप सौंपी। पडिक्कल भारत से टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बने। वह भारत से नंबर-4 पर बैटिंग करते नजर आएंगे। भारत से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेला। मुकाबले से पहले उन्हें कोच राहुल द्रविड़ स्पेशल कैप सौंपी। अश्विन के साथ उनकी पत्नी प्रीति और दोनों बेटियां भी मौजूद रहीं। दूसरी ओर इंग्लैंड से विकेटकीपर बैटर जॉनी बेयरस्टो ने भी करियर का 100वां टेस्ट खेला। सीरीज में उनसे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भी 100 टेस्ट खेलने वाले इंग्लिश प्लेयर बने थे। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। कप्तान बेन स्टोक्स ने टीम में एक बदलाव किया, ओली रोबिनसन की जगह मार्क वुड को प्लेइंग-11 में जगह मिली। वहीं



आर अश्विन को 100वें मैच में भेंट की गया कैप (पत्नी औश्र बच्चों के साथ अश्विन)

टीम इंडिया ने प्लेइंग-11 में 2 बदलाव किए। आकाश दीप की जगह जसप्रीत बुमराह ने वापसी की। वहीं रजत पाटीदार इंजरी के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए, उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल ने डेब्यू किया।

# चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा रियल मैड्रिड

तेजयुग न्यूज़

**नई दिल्ली।** यूईएफए चैंपियंस लीग में स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। बुधवार को घरेलू मैदान पर आरबी लीपजिंग के साथ दूसरे लेग में 1-1 से ड्रॉ रहा। कुल 2-1 के स्कोर के साथ अंतिम 8 में प्रवेश किया। इससे पहले रियल मैड्रिड ने अंतिम 16 के पहले लेग में 1-0 से जीत दर्ज की थी। मैड्रिड के लिए एक मात्र गोल विनीसियस जूनियर ने किया।

मैच में लीपजिंग ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि, टीम शुरुआत में मिले मौके को भुनाने में सफल नहीं हो पाई। टीम के फॉरवर्ड लोइस ओपेंडा ने गोल करने के दो अच्छे मौके गंवा दिए। पहला हाफ दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई।

दूसरे हाफ के शुरुआत में ही रेफरी



के फैसले को लेकर विवाद हो गया। दरअसल मैड्रिड के प्लेयर विनीसियस जूनियर ने आरबी लीपजिंग के विली ओर्बन पर पीछे से अटैक किया और फिर उन्हें धकेल दिया। जिसके बाद रेफरी ने उन्हें येलो कार्ड दिया, जिसको लेकर सवाल उठे। रेफरी विनीसियस को रेड कार्ड देकर बाहर भेज सकते थे। मैच के 65वें मिनट में ब्राजीलियाई खिलाड़ी विनीसियस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि चार मिनट बाद ही ओर्बन ने हेडर के जरिए गोल कर लीपजिंग को 1-1 से बराबरी दिला दी।

इसके बाद दोनों ही टीमें अंतिम समय तक गोल करने में असफल रहीं और मैच 1-1 से ड्रॉ रहा, चूंकि पहले लेग में मैड्रिड ने लीपजिंग को 1-0 से हराया था, इसलिए उनसे कुल 2-1 के स्कोर के साथ अंतिम 8 में अपनी जगह बनाई।

# फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट के प्लेयर्स को एनसीए की सुविधाएं मिलेगी, पांचों खिलाड़ियों को सालाना 1 करोड़ रुपए मिलेंगे

**नई दिल्ली।** फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के खिलाड़ियों की तरह एनसीए में ट्रेनिंग और रिहैब की सुविधा मिलेगी। साथ ही इन खिलाड़ियों की बीमा भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड कराएगा। इसके अलावा इनको रिटेनरशिप में सी ग्रेड के खिलाड़ियों के बराबर पैसा मिल सकता है। हाल ही में जारी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में सी ग्रेड के खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की गई है। हालांकि, फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को कितनी राशि दी जाएगी और उन्हें क्या सुविधा मिलेगा, इसकी अधिकारिक रूप से घोषणा बीसीसीआई की ओर से नहीं की गई है। फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ी नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। वे एनसीए में ट्रेनिंग ले सकते हैं और वहां पर रिहैब भी कर सकेंगे। साथ ही वह अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। एनसीए की सभी सुविधाएं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को फ्री में मिलता है। हालांकि, सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं किए गए खिलाड़ी अपने राज्य क्रिकेट एसोसिएशन की सिफारिश पर एनसीए की सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को पूरा खर्चा उठाना पड़ता है। अब फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को अपने राज्य क्रिकेट एसोसिएशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सिलेक्शन कमेटी ने आकाश दीप, विजय कुमार, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वत कावेरप्पा को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट दिया है। ये सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा नहीं है। यह एडिशनल कॉन्ट्रैक्ट है। बीसीसीआई ने फास्ट बॉलर्स की बैकअप तैयार करने के लिए यह कदम उठाया है। ताकि मुख्य टीम में शामिल अगर तेज गेंदबाज चोटिल होते हैं या उन पर ज्यादा वर्कलोड होता है, तो उन्हें रेस्ट दिया जा सके और उनकी जगह पर इन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जा सकता है।